तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार 30 मई 2026

10 योग को जीवन का हिस्सा बनाएं, नशे से दूर रहकर...



10 लड़कियों में दुर्गा, सरस्वती और लक्ष्मी का वास : रेणु



## खबर संक्षेप

### बाइक सवार विद्यार्थी पर हमला कर किया घायल

**जींद।** नरवाना के बंसत विहार में रंजिशन कुछ युवकों ने आईटीआई में पढने वाले बाइक सवार युवक हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर तीन युवकों के खिलाफ विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। गांव डूमरखां कलां निवासी विजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह नरवाना आईटीआई में पढ़ता है। गत 27 मई शाम को उसके पिता के दोस्त कमल को पचास हजार रुपये देने जा रहा था।

### दो बाइकों की भिड़ंत में मां व बेटी घायल, केस

**जींद।** गांव ईगराह में दो बाइकों के बीच हुई भिडंत में बाइक सवार मां व बेटी घायल हो गए। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दूसरे बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव ईगराह निवासी रविता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अपनी बेटी मुस्कान के साथ बाइक पर सवार होकर घर की तरफ लौट रही थी। रास्ते में सामने से आ रहे दूसरे बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों मां व बेटी घायल हो गई। घटना को अंजाम देकर चालक फरार हो गया।

### दंपति पर हमला कर किया घायल, केस

**जींद।** अर्बन एस्टेट में रुपयों के लेनदेन के चलते दंपित्त पर हमला कर घायल करने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने लगभग दो दर्जन लोगों के खिलाफ विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
अर्बन एस्टेट निवासी सुदेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पवन फौजी के साथ उनका रुपयों का लेनदेन है। आरोपित उसके पति को परेशान कर रहा था। गत 21 मई को पवन तथा उसकी पत्नी उनके घर आया था। जिसने उसकी बेटी के साथ बदतमीजी भी की थी। रात को पति के साथ ननंद के घर मामला सुलझाने गए हुए थे।

### शराब उधार न देने पर सेल्समैन को पीटा

**जींद।** गांव सुदकैन खुर्द में शराब उधार न दिए जाने से खफा तीन युवकों ने शराब ठेका सेल्समैन पर हमला कर घायल कर दिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव भौंगरा निवासी विक्रम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव सुदकैन शराब ठेके पर सेल्जमैन की नौकरी करता है। बीती देर शाम शराब ठेके पर बैठा था।

### 1 किलो 368 ग्राम चरस सहित आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ की टीम को बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते एक आरोपी को 1 किलो 368 ग्राम चरस सहित काबू किया है।
पुलिस प्रवक्ता ने बताया की एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई मुकेश कुमार की अगुवाई में एएसआई शीशपाल की टीम अपराध रोकथाम हेतु गश्त पर थी। इसी दौरान धर्म गेट प्यौदा बस अड्डा के पास एक विश्वसनीय गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गांव जाखौली निवासी नरेश कुमार मोटरसाइकिल पर चरस लेकर आने वाला है।

### एसी-फ्रिज मिस्त्री पर देर रात जानलेवा हमला

**कलायत।** कलायत शहर में गोशाला मार्केट के पास देर रात युवकों की टोली द्वारा एसी-फ्रिज मिस्त्री पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हमलावरों ने युवक पर बेरहमी से ताबड़तोड़ वार किए। इससे वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी युवक को जान से मारने की धमकी देते फरार हो गए। जख्मी हालत में घायल विनय गोलू को तुरंत निजी अस्पताल ले जाया गया। उसकी गंभीर स्थिति को देखते डॉक्टरों ने कैथल के नागरिक अस्पताल रेफर कर दिया।

### विधायक गौतम ने लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में जिला स्तरीय कार्यक्रम को किया संबोधित

# गांव से लेकर शहरों तक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत कर रही नायब सरकार : रामकुमार

### मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी 100 करोड़ से अधिक लागत की नौ परियोजनाओं का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि जिस राष्ट्र के नागरिक स्वस्थ होते हैं, वही राष्ट्र उन्नति के पथ पर अग्रसर रहता है। स्वस्थ समाज ही मजबूत राष्ट्र की नींव होता है और नागरिकों का शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना देश के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। नायब सरकार नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

सफीदों विधायक रामकुमार गौतम शुक्रवार को स्वस्थ हरियाणा, समृद्ध हरियाणा अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित जिलास्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। विधायक द्वारा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार क्लीनिक एवं अमृत फार्मेसी का शुभारंभ किया तथा ढाठरथ गांव में चार करोड़ 85 लाख रुपये की लागत से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया। वहीं पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी 100 करोड़ रुपये से अधिक लागत की नौ महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का प्रसारण ऑनलाईन माध्यम से राज्य के सभी जिलों में आयोजित किया गया। विधायक राम कुमार गौतम ने कहा कि गांवों से लेकर शहरों तक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जा रहा है ताकि आमजन को घर के निकट ही बेहतर उपचार मिल सके। नागरिकों से आह्वान किया कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न स्वास्थ्य अभियानों का लाभ उठा कर अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाएं। विधायक ने कहा कि स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार योजना केवल महिलाओं के स्वास्थ्य तक सीमित नही है बल्कि समाज को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। नारी परिवार की आधारशिला होती है। विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशहित में अनेक ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। जिनका लाभ देश के प्रत्येक वर्ग को मिला है।

### ढाठरथ पीएचसी का किया शिलान्यास



**जींद।** परियोजनाओं का उद्घाटन करते सफीदों विधायक रामकुमार गौतम।

#### ये रहे मौजूद

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जाने वाली स्वस्थ हरियाणा, समृद्ध हरियाणा अभियान के तहत यह योजना लागों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होंगें। महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इन क्लीनिकों में महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच, परामर्श एवं आवश्यक उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है। डिप्टी सिविल सर्जन डा. रमेश पांचाल, डा. पाले राम कटारिया, डा. दिनेश गुप्ता, डा. संदीप मलिक, एसएमओ डा. अरूण, डा. विजेंद्र ढांडा सहित अनेक स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे।

## स्वस्थ महिला ही सशक्त समाज की पहचान : जांबा

### स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार महिला क्लीनिक का उद्घाटन किया


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** विधायक सतपाल जांबा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत शपथ दिलाते हुए।

स्वस्थ हरियाणा-समृद्ध हरियाणा अभियान के तहत लघु सचिवालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पूंडरी विधायक सतपाल जाम्बा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि पूर्व विधायक लीला राम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीसी अपराजिता ने की। इस अवसर पर नागरिक अस्पताल में स्थापित स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार महिला क्लीनिक का उद्घाटन तथा अमृत फार्मेसी स्टोर का शिलान्यास किया गया। दूसरी ओर पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। स्वास्थ्य क्षेत्र में 100 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 9 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार योजना केवल महिलाओं के स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है बल्कि समाज को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। नारी परिवार की आधारशिला होती है और यदि महिलाएं स्वस्थ होंगी तो परिवार एवं समाज दोनों मजबूत बनेंगे। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं, लेकिन कई बार वे अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं दे पातीं, जिसके कारण एनीमिया, तनाव, हड्डियों की बीमारी, ब्लड प्रेशर तथा शुगर जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। जांबा ने कहा कि इस पहल के माध्यम से 9 वर्ष से लेकर 60 वर्ष तक की सभी किशोरियों और महिलाओं को एक ही स्थान पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इसके तहत टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच एवं स्क्रीनिंग, पोषण एवं मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श, हेल्प डेस्क सुविधा तथा एनीमिया एवं अन्य गंभीर बीमारियों की जांच जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि एचपीवी टीकाकरण जैसी सुविधाएं महिलाओं और किशोरियों को गंभीर बीमारियों से बचाने में सहायक सिद्ध होंगी। इसी प्रकार अमृत फार्मेसी स्टोर पर ब्रांडेड एवं उच्च गुणवत्ता वाली दवाइयां बाजार से सस्ती दरों पर उपलब्ध होंगी। विधायक ने कहा कि एक स्वस्थ महिला ही स्वस्थ समाज की पहचान होती है। जब महिलाएं स्वस्थ और आत्मविश्वासी होंगी तो परिवारों में सकारात्मक वातावरण बनेगा और यही आगे चलकर मजबूत राष्ट्र निर्माण का आधार बनेगा। उन्होंने सभी से महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने का आह्वान किया।

## कैथल : तेज अंधड़ से रोहिल फूड प्राइवेट लिमिटेड की चिमनी गिरी, बड़ा हादसा टला



**कैथल।** तूफान के कारण टूटी रोहिल फूड प्राइवेट लिमिटेड की चिमनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कुतुबपुर रोड पर 28 मई की रात को आये तेज तूफान के कारण जिले में काफी नुकसान बताया जा रहा है। तूफान के कारण शहर के कुतुबपुर रोड स्थित रोहिल फूड प्राइवेट लिमिटेड की चिमनी गिर गई। जिस कारण लाखों रुपए का नुकसान हो गया। गनीमत रही कि जिस समय यह हादसा हुआ उस समय चिमनी के आसपास कोई नहीं था अन्यथा जान माल का बडा नुकसान हो सकता है। रोहिल फूड प्राइवेट लिमिटेड के अकाउंटेंट राजेश ने बताया की जब हर रोज की तरह वे शुक्रवार सुबह रोहिल फूड प्राइवेट लिमिटेड आए तो देखा की रात को आये अचानक तूफान की वजह से उनकी चिमनी ऊपर से टूटी हुई है। जिस कारण लाखों रुपए का नुकसान हो गया है। तेज अंधड के कारण जहां किसानों के छप्पर उडा दिए गए तो वहीं करीब दर्जनों सड़कों पर पेड भी टूट कर गिए गए। राहगीरों व वाहन चालकों ने इन पेडों को हटाते रास्ता सामान्य किया।

## हत्या के मामले में जुवेनाइल को उम्रकैद, 21 हजार ठोका जुर्माना

- थाना सदर जींद में 2020 में मुकदमा दर्ज किया गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बाल न्यायालय सह अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जयवीर सिंह की अदालत ने एक जुवेनाइल को दोषी करार देते उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोषी पर अदालत ने 21 हजार 500 रुपये जुर्माना भी लगाया है। पुलिस प्रवक्ता राजेश कुमार ने बताया कि थाना सदर जींद में रविंद्र ने अपनी शिकायत में बताया कि उसका बड़ा भाई सोनू उनके गांव स्थित ठेके की तरफ बाइक पर जा रहा था। पीछे से आई एक सफेद रंग की कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें उसका भाई सोनू सड़क पर गिर गया। इसके बाद कार से उतरे लोगों ने उस पर जानलेवा हमला किया तथा अवैध हथियार से उसके भाई को गोली मारी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। घायल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने सोनू को मृत घोषित कर दिया। रविंद्र शिकायत के आधार पर थाना सदर जींद में 2020 में मुकद्मा दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा गहन जांच, साक्ष्य संकलन एवं प्रभावी पैरवी के बाद आरोपितों के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया गया। प्रवक्ता राजेश कुमार ने बताया कि पीठासीन अधिकारी बाल न्यायालय सह अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जयवीर सिंह की अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद जुवेनाइल (घटना के समय) को शुक्रवार को दोषी करार देते उम्रकैद एवं 21 हजार 500 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष की कैद

**जींद।** अतिरिक्त एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट शिफा की अदालत ने नाबालिग को घर से बहला-फुसला भगा ले जाने व दुष्कर्म करने के मामले में एक युवक को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष का कठोर कारावास तथा 70 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार नरवाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने 25 जनवरी 2025 को शहर थाना नरवाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि हरी नगर निवासी वकील उसकी नाबालिग भतीजी को बहला-फुसला कर ले गया। पुलिस ने वकील के खिलाफ मामला दर्ज कर नाबालिग किशोरी की तलाश की। पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बरामद कर लिया और वकील को भी गिरफ्तार कर लिया। नाबालिग ने पुलिस को बताया कि आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। इसके अलावा यह बात किसी को बताने पर उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी है।

### देय भत्तों के भुगतान न करने पर जमकर नारेबाजी

**जींद।** चालक, परिचालकों सहित सभी कर्मचारियों के देय भत्तों का समय पर भुगतान न करने के विरोध में शुक्रवार को रोडवेज कर्मियों ने बस अड्डा परिसर में मांगों को लेकर धरना दिया और नारेबाजी की। बाद में हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा जींद डिपो ने मांगों को लेकर महाप्रबंधक को परिवहन मंत्री को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा। धरनारत कर्मचारियों को संबोधित करते अनूप लाठर, संदीप रंगा ने बताया कि मोर्चे द्वारा समय-समय पर चालक, परिचालकों द्वारा विपरीत परिस्थितियों में ईमानदारी जनता की सेवा कार्य उपरांत देय भत्तों का भुगतान समय पर करने बारे मौखिक एवं लिखित मांग पत्र देकर अवगत करवाया जा रहा है। परंतु डिपो प्रशासन द्वारा देय भत्तों का भुगतान समय पर नहीं करवाया जा रहा है। जींद डिपो का रात्रि ठहराव भत्ता अप्रैल 2025 से पेंडिंग है, ओवरटाइम जनवरी 2026 से पेंडिंग है एवं बहुत से कर्मचारियों की एलटीसी भी पेंडिंग है। उन्होंने बताया कि परिवहन मंत्री अनिल विज द्वारा पांच नवंबर 2024 को पत्र जारी विभाग के सभी महाप्रबंधकों को कर्मचारियों के वेतन रात्रि ठहराव भत्ता, ओवरटाइम भत्ता, एलटीसी, शिक्षा भत्ता आदि देय भत्ते एवं लाभ समय पर देने के लिखित आदेश दिए गए थे।




**जींद।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते रोडवेज कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

### लिव इन रिलेशन में रहना पड़ा महंगा, जहर खाकर दी जान

**जींद।** कृष्णा कालोनी मे लिव इन रिलेशन में रह रही महिला के वापस पति के पास चले जाने से खफा होकर जहरीला पदार्थ निगल कर आत्महत्या कर ली। मृतक द्वारा सुसाइड नोट छोड़ा गया है। जिसमें लिव इन रिलेशन में रहने वाली महिला, उसके पति तथा एक अन्य को मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया है। शहर थाना पुलिस ने सुसाइड नोट के आधार पर मृतक के भाई की शिकायत पर तीनों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कृष्णा कालोनी निवासी प्रदीप (30) किराये के मकान में गांव तारागढ़ (कैथल) निवासी आशी के साथ लिव इन रिलेशन मे रह रहा था। आशी के दो बच्चों का पालन पोषण भी प्रदीप कर रहा था। प्रदीप ने संदिग्ध हालात के चलते मकान में जहरीला पदार्थ निगल लिया।



### गैस पाइप लाइन लीकेज को ढूंढने के लिए खुदाई शुरू

**कैथल।** मेडिकल कॉलेज के पीछे गांव नरड़ के पास वीरवार दोपहर खेतों में गैस की पाइप लाइन लीकेज हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित विभागों की टीमों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। पाइप लाइन के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी और लोगों को वहां से दूर रहने की सलाह दी गई। अधिकारियों की जानकारी के अनुसार पाइप लाइन की निगरानी कर रहे ड्यूटी पर तैनात गार्ड ने सबसे पहले गैस रिसाव की आशंका महसूस की। इसके बाद उसने तुरंत अधिकारियों और तकनीकी टीम को सूचना दी। सूचना मिलते ही पाइप लाइन कंपनी की टीम मौके पर पहुंची और जांच कार्य शुरू किया। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लाइन को पीछे से बंद कर दिया गया ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके। अधिकारियों ने बताया कि जिस स्थान पर लीकेज हुआ है, वहां गैस पाइप लाइन के साथ-साथ तेल की लाइन भी गुजर रही है। ऐसे में विभाग पूरी सावधानी बरत रहा है। मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंच गई और आसपास के क्षेत्र की निगरानी शुरू कर दी गई। कर्मचारियों ने पाइप लाइन के आसपास खुदाई कर शाम तक लाइन की जांच की, लेकिन अभी कोई लीकेज नहीं मिली है।

### लिंगानुपात को लेकर स्वास्थ्य विभाग सख्तः जुलाना में टीम ने की अल्ट्रासाउंड केंद्र की जांच

# अल्ट्रासाउंड केंद्रों के निरीक्षण के लिए गठित की 13 टीमें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लिंगानुपात के मामले में पीछे रहे जींद जिले में अब स्वास्थ्य विभाग ने सख्त कदम उठाया है। स्वास्थ्य विभाग ने 13 टीमों का गठन किया है, जो अल्ट्रासाउंड केंद्रों का निरीक्षण करेंगी। शुक्रवार को टीम ने जुलाना में अल्ट्रासाउंड केंद्र के निरीक्षण से अभियान की शुरुआत कर दी है। जिले के 131 गांव ऐसे हैं, जो रेड जोन में हैं। गौरतलब है कि जिले का अप्रैल माह का लिंगानुपात 872 है, जबकि पूरे हरियाणा का 898 है। जिन गांवों का लिंगानुपात 900 से कम है, उनके पीएचसी व सीएचसी अधिकारियों को नोटिस दिए जा चुके हैं। जिले को तीन जोन में बांटा गया है। रेड, येलो और ग्रीन। जिले के 131 गांव रेड जोन में हैं। इनका लिंगानुपात 850 से कम है। वहीं सात गांव येलो जोन में हैं। इनका लिंगानुपात 850 से अधिक व 900 तक है। इसके अलावा जिले के 166 गांव ग्रीन जोन में आते हैं, जिनका लिंगानुपात 900 से अधिक है। स्वास्थ्य विभाग ने जनसंख्या के आधार भी गांवों को विभाजित किया है। जिले में पांच हजार की जनसंख्या वाले 62 गांव हैं। इनमें से 19 रेड जोन में, तीन येलो जोन में वह 40 ग्रीन जोन में हैं। इन गांवों की तरफ स्वास्थ्य विभाग का ज्यादा फोकस है। स्वास्थ्य विभाग ने पिछले सात भी अल्ट्रासाउंड केंद्रों का निरीक्षण किया था। स्वास्थ्य विभाग ने 11 अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालकों को कमियां मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी किए थे। इसके अलावा दो के लाइसेंस सस्पेंड कर दिए गए थे। इसके अलावा एमटीपी सेंटरों में कमियां मिलने पर चार के लाइसेंस सस्पेंड किए गए थे तथा चार पर एफआइआर दर्ज करवाई गई थी।



**जींद।** अल्ट्रासाउंड केंद्र की जांच करते टीम। *फोटो :हरिभूमि*

#### लापरवाही पर होगी कार्रवाई

डिप्टी सीएमओ पीएनडीटी डा. पालेराम कटारिया ने बताया कि लिंगानुपात को देखते नियमों में लापरवाही पाए जाने पर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। पूरे जिले को 13 भागों में बांटा गया है। अल्ट्रासाउंड केंद्रों का रिकार्ड खंगाला जा रहा है। इसके अलावा एमटीपी सेंटरों का भी औचक निरीक्षण किया जा रहा है।



### पुलिस ने कई गांवों में चलाया सघन सर्च अभियान

**कैथल।** कैथल पुलिस द्वारा "नशा मुक्त हो जिला अभियान" के तहत लगातार विशेष कॉम्बिंग एवं चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। प्रतिदिन अलग-अलग थाना क्षेत्रों के गांवों और बस्तियों को चयनित कर सर्च अभियान चलाया जाता है। इसी कड़ी में शुक्रवार को थाना गुहला तथा थाना पुंडरी द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों व ठिकानों की गहन जांच की गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना गुहला एसएचओ इंस्पेक्टर रमेश की अगुवाई में गांव चाणचक, खेड़ी दाबन व सुल्तानियां में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके अतिरिक्त थाना पुंडरी प्रभारी इंस्पेक्टर शिव कुमार के नेतृत्व में गांव पाई में संदिग्ध नशा व शराब तस्करों के घरों तथा संभावित ठिकानों पर विशेष सर्च अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों द्वारा गहन तलाशी लेते यह जांच की गई कि कहीं किसी स्थान पर मादक पदार्थ, अवैध शराब या अन्य गैरकानूनी सामग्री छिपाकर तो नहीं रखी गई।

## खबर संक्षेप

### विधायक की अगुवाई में बदली उचाना की तस्वीर

**उचाना।** पार्षद पंकज करसिंधु ने कहा कि भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के कार्यकाल को अभी दो साल का समय भी नहीं हुआ है। अब तक के कार्यकाल में विधायक ने हलके की तस्वीर को बदलने का काम किया है। उचाना विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है। बिना भेदभाव के विकास कार्य हो रहे है। विधायक जुबान के धनी है। जो जनता से वायदे किए थे उनको निरंतर पूरा करने में लगे है। वो अपने पिता स्व. चतरभुज के पद चिन्हों पर चलते हुए राजनीति के माध्यम से उनके सपनों को पूरा करने का काम कर रहे है।

### वाइस चेयरमैन बनाने पर शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार

**उचाना।** हरियाणा सरकार द्वारा सफाई कर्मचारी आयोग के नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा के बाद हरियाणा वाल्मीकि महासभा जींद की टीम ने डॉ. भारत भूषण टाक को सफाई कर्मचारी आयोग का वाइस चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर उन्हें गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। जिला प्रधान संजीव वैद बधाना ने हरियाणा सरकार और शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि डॉ. भारत भूषण टाक को सफाई कर्मचारी आयोग का वाइस चेयरमैन बनाना सराहनीय फैसला है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में लंबे समय तक निःस्वार्थ भाव से काम किया है।

### ननिहाल में मनीषा कौशिक का सम्मान समारोह कल

**उचाना।** इसरो में रिसर्च ऑफिसर बनी कसूहन की भांजी मनीषा कौशिक के सम्मान में 31 मई को कसूहन गांव में कार्यक्रम आयोजित होगा। सरपंच प्रतिनिधि श्रीकांत कसूहन ने बताया कि खटकड़ टोल से मनीषा कौशिक को गांव तक ग्रामीण लेकर आएंगे। गांव के बसंती माता मंदिर प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन होगा। ग्रामीणों एवं पंचायत द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मनीषा कौशिक इसरो में रिसर्च ऑफिसर बनने वाली हरियाणा की एकलौती अभ्यार्थी है। निरंतर वो अपने ननिहाल में आती रहती है।

### बेटियां समाज की असली शक्ति : सुनीता कुमारी

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत गांव जाजवान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत नुक्कड़ सभाओं के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यतः ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, सम्मान एवं अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा समाज में बेटा, बेटी के बीच भेदभाव को समाप्त करने का संदेश देना था। संबोधित करते एमपीएचडब्ल्यू सुनीता कुमारी ने कहा कि बेटियां केवल परिवार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि समाज और देश की प्रगति की मजबूत आधारशिला होती हैं।

### नव प्रगति स्कूल में जागरूकता शिविर

**अलेवा।** न्यू प्रगति सीनियर सेकेंडरी स्कूल डाहौला में शिक्षा के प्रति अभिभावकों को जागरूक करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों के महत्व के प्रति जागरूक करना था। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजीत कुमार आर्य ने कहा कि बच्चों की सफ लता में माता-पिता और शिक्षकों की संयुक्त भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई पर नियमित ध्यान देने तथा उन्हें सकारात्मक वातावरण प्रदान करने का आग्रह किया।

### महंगाई के खिलाफ इनेलो का आंदोलन कल

**अलेवा।** इनेलो ने बढ़ती महंगाई, पेट्रोल, डीजल की बढ़ती कीमतों के विरोध में एक को पूरे जिला स्तर पर प्रदर्शन को लेकर शुक्रवार को बिल्लू पेगां के फार्म हाउस पर मिटिंग हुई । अध्यक्षता उचाना हल्का अध्यक्ष बिल्लू पेगां ने की व मुख्य रूप से पार्टी के जिलाध्यक्ष बिजेंद्र ने भाग लिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी की तरफ से जिला प्रभारियों एवं हल्का प्रधानों व कार्यकर्ताओं को 10 से 11 बजे तक जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

---

### 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने दिए निर्देश

# योग को जीवन का हिस्सा बनाएं, नशे से दूर रहकर स्वस्थ समाज के निर्माण में दें योगदान : प्रदीप कुमार

### जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम 21 जून को स्थानीय सीआरएसयू में सुबह सात बजे से आयोजित किया जाएगा

**कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी प्रदीप कुमार। *फोटो :हरिभूमि*

अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार ने कहा कि योग हमारे जीवन को स्वस्थ और बेहतर बनाने का सबसे सरल तरीका है। यदि व्यक्ति प्रतिदिन कुछ समय योग को दे तो वह न केवल बीमारियों से दूर रह सकता है, बल्कि जीवन में अनुशासनए आत्मविश्वास और नई ऊर्जा भी प्राप्त कर सकता है। योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नही बल्कि यह मन, विचार और जीवन को संतुलित करने की शक्ति भी देता है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव, अवसाद और बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे समय में योग ही वह साधन है जो व्यक्ति को मानसिक शांतिए सकारात्मक ऊर्जा और आत्मबल प्रदान करता है।

अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दे रहे थे। योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नही बल्कि यह मन, विचार और जीवन को संतुलित करने की शक्ति भी देता है। इससे पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्तों एवं अधिकारियों तथा राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को अधिक से अधिक योग से जोड़ते समाज में नशे के खिलाफ जनजागरूकता अभियान चलाया जाए ताकि आने वाली पीढ़ी स्वस्थ सकारात्मक और जागरूक बन सके। एडीसी ने कहा कि 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला, उपमंडल से लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर योग शिविरों का आयोजन होगा ताकि योग को हर व्यक्ति तक पहुंचाया जा सके। आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम 21 जून को स्थानीय सीआरएसयू में सुबह सात बजे से आयोजित किया जाएगा। वहीं नरवाना, सफीदों, उचाना और जुलाना उपमंडल में उपमंडल एवं ब्लॉक स्तर पर भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर एसडीएम सत्यवान मान, सीटीएम मोनिका, जीएम रोडवेज राहुल जैन, डीएओ डा. अमित रोहिला, पीएचईडी भानु प्रकाश, डीएचबीवीएन विकास मलिक, डीआईओ सुषमा देशवाल, डा. योगेश, डा. विशाल सागवान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

#### अधिक से अधिक लोग करें सहभागिता

अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि योग दिवस केवल एक कार्यक्रम नही बल्कि स्वस्थ और सकारात्मक जीवन की ओर बढने का जन आंदोलन है। कहा कि सभी नागरिक डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट इंटरनैशनलयोगाडेएचआरवाई डॉट इन पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाएं और योग दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं।

#### आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं

अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार ने कहा कि आज समाज के सामने नशा एक गंभीर चुनौती बन कर उभर रहा है। ऐसे में योग युवाओं को सही दिशा देने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति के मन और विचारों को मजबूत बनाता है, जिससे वह हर प्रकार के नशे और नकारात्मक आदतों से दूर रह सकता है। उन्होंने कहा कि निरोगी काया और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए योग को अपनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। योग केवल व्यायाम नहींए बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की कला है। अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि योग दिवस के सफल आयोजन के लिए जिला स्तर पर विभिन्न प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले की सभी योगशालाओं एवं व्यायामशालाओं का निरीक्षण कर वहां साफ.-सफाई, पेयजल तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

#### गांव-गांव पहुंचेगा योग जागरण अभियान

बताया कि आठ से 10 जून तक प्रत्येक गांव में योग जागरण यात्रा निकाली जाएगी। जिसके माध्यम से लोगों को योग के प्रति जागरूक किया जाएगा व स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके अलावा 11 से 13 जून तक प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियोंए पंचायत प्रतिनिधियों, पुलिस कर्मियों, एनसीसी एवं स्काउट कैडेट्स सहित आमजन को योग प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी प्रकार 15 जून 2026 को जिला स्तर पर योग मैराथन आयोजित की जाएगी। जिसमें स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, योग संस्थानों, एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी रहेगी। वहीं 16 से 18 जून तक जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए योग प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। इसके पश्चात 19 को योग एवं रिसर्च विषय पर योग संगोष्ठी एवं सेमिनार होंगे और 20 जून को मुख्य कार्यक्रम की पायलट रिहर्सल आयोजित की जाएगी। जबकि 21 जून को सुबह सात बजे से आठ बजे तक जिला एवं ब्लॉक स्तर पर 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा।

---

### डॉ. अर्चना गुप्ता के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने पर माता के मंदिर में पूजा-अर्चना कर लगाई सवामणी

**उचाना।** डॉ. अर्चना गुप्ता के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद भाजपा नेता पं. दीपक बुडायन ने देव भूमि बनभौरी स्थित माता भ्रामरी धाम पर पूजा-अर्चना कर सवामणी का भोग लगाया। श्रद्धालुओं को प्रसाद पूजा-अर्चना के बाद बांटा। पं. दीपक बुडायन ने कहा कि प्रदेश में 43 साल के बाद भाजपा की महिला प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता बनी है। निरंतर संगठन के लिए वो कार्य कर रही थी। जिलाध्यक्ष के अलावा प्रदेश महामंत्री के पद पर कार्यरत थी। कोराना काल में समाज सेवा में उनकी अहम भूमिका रही। संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम वो कर रही है। डॉ. अर्जना गुप्ता की अगुवाई में भाजपा और ज्यादा मजबूती मिलेगी। महिलाओं को सम्मान देते हुए भाजपा शीर्ष नेतृत्व में प्रदेश भाजपा की कमान डॉ. अर्चना गुप्ता को सौंपी। माता भ्रामरी डॉ. अर्चना गुप्ता की कुलदेवी है वो निरंतर परिवार के साथ माता भ्रामरी धाम आती है।



उचाना। माता भ्रामरी धाम में प्रसाद बांटते भाजपा नेता पं. दीपक बुडायन।




उचाना। राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल करसिंधु।

### कसूहन, करसिंधू के राजकीय स्कूलों को सीएम ईईई योजना में किया शामिल

**उचाना।** शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश में 250 सरकारी स्कूलों को चीफ मिनिस्टर एक्सीलेंस एंड अर्ली इंग्लिश (सीएम ईईई) स्कूल घोषित किया। उचाना खंड के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल कसूहन, करसिंधु को इसमें शामिल किया है। खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश आर्य ने बताया कि जींद जिले में 15 स्कूल सीएम ईईई में शामिल किए गए है। ऐसे स्कूलों में आधुनिक सुविधाओं एवं अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई पर विशेष फोक्स होगा। कसूहन सरपंच प्रतिनिधि श्रीकांत, करसिंधु सरपंच रामचंद्र ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, बच्चों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए सीएम ईईई योजना के तहत 250 स्कूलों को शामिल किया है, जिनमें उनके गांव के स्कूल को शामिल किया गया है।

### विधायक ने लोक निर्माण विश्राम गृह में सुनीं समस्याएं, समाधान के दिए आवश्यक निर्देश

**जींद।** सफीदों विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि सभी अधिकारी आमजन की समस्या के समाधान के लिए कार्य करें। अधिकारी अपना नैतिक दायित्व का निर्वहन करते हुए फरियादियों की समस्याओं का निवारण करें। अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का भी कार्य ड्यूटी समझते हुए पूरी ईमानदारी एवं गभीरता से करें। अगर किसी समस्या को दूर करने में कोई तकनीकी बाधा है तो फरियादी को समझाएं ताकि वह उसे दूर सके और उसकी समस्या का निवारण हो सके। विधायक रामकुमार गौतम शुक्रवार को स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में विधानसभा क्षेत्र के लोगों की बिजली, पानी, सड़क, परिवहन, सुरक्षा, चिकित्सा, परिवार पहचान पत्र, सड़कों की लाइटें आदि से सबधित समस्याओं को सुना और उनके समाधान का संबधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए।



जींद। शिकायतें सुनते विधायक रामकुमार गौतम। *फोटो :हरिभूमि*



भतीजे के जन्मदिन पर जरूरतमंदों को खाना परोसती मनीषा बरसाना।

### जन्मदिन पर जरूतमंदों को खिलाया खाना

**जींद।** नागरिक अस्पताल की नर्सिंग ऑफिसर मनीषा बरसाना ने सामाजिक सेवा और पारिवारिक खुशी को एकसाथ जोड़ते हुए अपने भतीजे के जन्मदिन के अवसर पर जयंती देवी मंदिर के निकट जरूरतमंदों को खाना खिलाया। मनीषा बरसाना ने बताया कि इस बार उन्होंने जन्मदिन मनाने का पारंपरिक तरीका नहीं अपनाया। इसके बजाय उन्होंने भतीजे के जन्मदिन को जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाने का फैसला लिया। मंदिर के आसपास मौजूद जरूरतमंद लोगों व बच्चों को साथ लेकर उन्होंने भतीजे का केक काटा। बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान देखकर पूरा परिवार भावुक हो गया। इसके बाद मनीषा बरसाना और उनके पूरे परिवार ने मिलकर जरूरतमंद व्यक्तियों को भोजन भी परोसा। बाकायदा मिठाई भी वितरित की गई। बच्चों को विशेष रूप से पसंद आने वाले व्यंजन और फल भी दिए गए। मनीषा बरसाना ने कहा कि जन्मदिन कोई व्यक्तिगत खुशी नही बल्कि दूसरों को खुशी बांटने का अवसर है।



अलीपुरा गांव में कार्यकर्ता के यहां शोक प्रकट करने पहुंचे चौ. बीरेंद्र सिंह।

### भाजपा सरकार से हर वर्ग परेशान : बीरेंद्र सिंह

**उचाना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह छात्तर, अलीपुरा गांव में पहुंचे। छात्तर गांव में बांग्लादेश के चिटगांव में हृदय गति रूकने से मौत का ग्रास बने चंडीगढ़ पुलिस में कार्यरत नरेश कुमार के निधर पर शोक प्रकट करने पहुंचे। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने अलीपुरा गांव में पत्रकार वार्ता में कहा कि भाजपा ने वोटों के लिए जो जात-पात की राजनीति की है वो अब आगे नहीं चलेगी। प्रदेश का मतदाता अब भाजपा के किसी तरह के बहाकवे में नहीं आएगा। जो वायदे किए थे उन वायदों को लगातार सत्ता में आने के बाद भी पूरा नहीं किया है। आज युवा, किसान, व्यापारी, मजदूर हर कोई परेशान है। आज हर किसी को पोर्टल में उलझाने का काम भाजपा ने किया है। इस मौके पर सज्जन सिंह, संजीव डूमरखा, हरेंद्र सिंह, सुरेंद्र गर्ग सहित अन्य मौजूद रहे।

## 'शिक्षित बेटी मजबूत समाज की पहचान'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के अंतर्गत गांव बरसोला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान एवं पीएनडीटी एक्ट के तहत एक जागरूकता सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं, युवाओं, किशोरियों, आशा वर्कर्स, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व स्वास्थ्य कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान व कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान एमपीएचडब्ल्यू अंजू रानी व सुमित कुमारी ने ग्रामीण लोगों को संबोधित करते कहा कि



बेटियां परिवार और समाज दोनों की मजबूत नींव होती हैं तथा उनके बिना समाज की कल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि एक शिक्षित बेटी केवल अपने परिवार ही नहीं बल्कि पूरे समाज को जागरूक और सशक्त बनाने का कार्य करती है। इसलिए प्रत्येक परिवार को बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। अंजू रानी व सुमित कुमारी ने कहा कि आज की बेटियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नहीं हैं। शिक्षाए खेल, विज्ञान, चिकित्सा, प्रशासन, सेना तथा राजनीति सहित हर क्षेत्र में बेटियां सफलता प्राप्त कर रही हैं और देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि बेटियों को उचित शिक्षाए प्रोत्साहन और अवसर दिए जाएं तो वे समाज की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। पीएनडीटी एक्ट की जानकारी देते अंजू रानी व सुमित कुमारी ने बताया कि भ्रूण लिंग जांच करना एवं करवाना दोनों ही पूर्ण रूप से प्रतिबंधित हैं। इस अपराध में दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ जेल एवं भारी जुर्माने का प्रावधान है। उपस्थित ग्रामीणों ने भी संकल्प लिया कि वे अपने परिवार और समाज में बेटा व बेटी के बीच किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होने देंगे।




उचाना। एनसीसी कैंप में गोल्ड मेडल जीतने वाले कैडेट्स। *फोटो :हरिभूमि*

### लोमश स्कूल लोधर के विद्यार्थियों ने एनसीसी शिविर में प्रतियोगिता में जीते सात गोल्ड मेडल


**उचाना।** महर्षि लोमश पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल लोधर के विद्यार्थियों ने हाल ही में आयोजित एनसीसी शिविर में हिस्सा लिया। शिविर में स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और कड़े अनुशासन के दम पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शिविर के दौरान विभिन्न प्रतियोगियों में स्कूल के कैडेट्स अग्रणी रहे। बाधा दौड़ में 7 गोल्ड पदक जीता। उनके इस शानदार प्रदर्शन और सैन्य अनुशासन की वहां मौजूद अधिकारियों ने भी जमकर सराहना की। स्कूल चेयरमैन गजे सिंह गिल, प्रधानाचार्य सतवीर कौशिक ने विजेता और प्रतिभागी कैडेट्स की सराहना करते हुए कहा कि एनसीसी न केवल विद्यार्थियों में देशप्रेम की भावना जगाती है, बल्कि उन्हें जीवन में अनुशासित व आत्मनिर्भर भी बनाती है।

### हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणू भाटिया पहुंची नरवाना

# लड़कियों में दुर्गा, सरस्वती और लक्ष्मी का वास : रेणु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने कहा कि महिलाओं विशेषकर लड़कियों को जीवन में अपनी सुरक्षा अपने आप करने की सामर्थय पैदा करनी चाहिए। इसके लिए छात्र जीवन से ही लड़कियों को ताइक्वांडो, जूडो या कराटे जैसी प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए और इसे सीखना चाहिए। हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया शुक्रवार को नरवाना में नेहरू पार्क के नजदीक शहीद भगत सिंह गर्ल्स कराटे अकेडमी के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कररही थी। चेयरपर्सन



नरवाना। अभ्यासरत छात्राओं को संबोधित करती रेणु भाटिया। *फोटो :हरिभूमि*

रेण भाटिया ने अपने संबोधन में कहा कि लड़कियों में दुर्गा, सरस्वती और लक्ष्मी का वास होता है। बशर्तें वे अपने अंदर छिपी काबिलियत और ताकत को पहचानें। लड़कियों को अपनी शक्ति के अनुसार अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढन्ना चाहिए। इसके अलावा वे अपनी सुरक्षा का जिम्मा भी खुद लें। इसके लिए लड़कियों को कराटे, जूडो या ताइक्वांडो जैसी अकेडमी और ट्रेनिंग सेंटरों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। वर्तमान परिवेश में महिला उत्पीडऩ की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इसका कारण सामाजिक संस्कारों में कमी और महिलाओं के प्रति पुरुषों में कुविचारों का आना है। रेणु भाटिया ने आगे कहा कि लड़कों में महिला यानी लड़की के प्रति सत्कार का भाव पैदा होना चाहिए। प्रत्येक लड़का भैया दूज और रक्षाबंधन पर अपनी बहन और दूसरे की बहन बेटियों की सुरक्षा का जिम्मा कि शपथ ले, यही उनका तोहफा होगा। लड़कों को भी शपथ लेनी चाहिए कि वे समाज में महिलाओं के प्रति फैल रहे कुविचारों व उत्पीडऩ के खिलाफ जागरूकता पैदा करें।

#### ये रहे मौजूद

चेयरपर्सन ने आगे कहा कि लड़कियों के माता-पिता व अविभावक भी अपनी बेटियों के प्रति सकारात्मक व्यवहार रखते हुए उन्हें बचपन से ही अपनी हर संम्भव सुरक्षा की शिक्षा दें। प्रत्येक लड़की अन्याय के खिलाफ लडऩे की शपथ ले और अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास व मेहनत करें। लक्ष्य निर्धारित करने का सही समय नौवी और दसवीं कक्षा वाला छात्र जीवन है। उन्होंने कराटे सीख रही लड़कियों के साथ रिबन काट कर कराटे ट्रेनिंग सेंटर अकेडमी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डा. नरेंद्र मोर, प्रदीप, किशन कोच, रजवंती वर्मा सहित अभ्यासरत्त छात्राएं एवं अभिवावक मौजूद रहे।

## रोहतक रोड मिनी बाईपास पर अंडरपास की छत का टूटा शेड

### लोगों को सता रहा हादसों को भय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद के रोहतक रोड मिनी बाईपास पर बने अंडरपास की छत का शेड टूट कर लटक गया है। जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। समाजसेवी राजकुमार गोयल ने इस शेड को जल्द से जल्द ठीक करवाने की मांग की है। गोयल का कहना है कि कल जो तेज आंधी आई थी उस आंधी में इस अंडरपास छत की शेड का एक हिस्सा तो हवा में उड़ गया जबकि एक अन्य हिस्सा टूट कर हवा में लटक रहा है। यह लोहे की भारी चद्दर का बना हुआ है जो किसी व्यक्ति के ऊपर गिरकर उसे



नुकसान पहुंचा सकता है। यह शेड वीरवार रात को टूटा था लेकिन शुक्रवार दोपहर बाद तक भी इसे ठीक नहीं किया गया। गोयल ने प्रशासन से मांग की है कि इस शेड को जल्द से जल्द ठीक किया जाए।

## खबर संक्षेप

### गेहूं की आढ़त भुगतान करने की गुहार

**पाई।** पाई अनाज मंडी के आढ़तियों ने सरकार से गेहूं पर लगने वाली आढ़त जल्दी ही देने की मांग की है। मंडी के पूर्व प्रधान रणधीर फौजी ने बताया की गेहूं का सीजन खत्म हुए लगभग एक महीना होने को हो गया है। सरकार द्वारा किसानों की गेहूं की फसल आढ़तियों के माध्यम से खरीद की गई है, उस पर सरकार ने आढ़तियों को उनकी आढ़त देनी है। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ष आढ़तियों को आढ़त देने में काफी देरी करती है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि गेहूं की फसल पर लगने वाली आढ़त आढ़तियों को जल्द से जल्द दी जाए।

### अलग-अलग मामलों में 2 भगोड़े आरोपी काबू

**कैथल।** पुलिस ने अलग अलग 2 मामले में 2 उद्धघोषित आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना चीका पुलिस प्रभारी एसआई प्रवीन कुमार की अगुवाई में एएसआई विजय कुमार द्वारा आरोपी अम्बा कॉलोनी चीका निवासी राजेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पर 25 अप्रैल 2025 को अम्बा कॉलोनी चीका में अपने अन्य साथियों के साथ एक महिला को चोटे मारने का आरोप है। जिस बारे थाना चीका में मामला दर्ज है।

### ऑनलाइन दायर की जा सकेगी अपील : डीसी

**कैथल।** हरियाणा सरकार द्वारा डिजिटल गवर्नेंस और नागरिक सुविधाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। ट्रिब्यूनल, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग हरियाणा द्वारा आमजन की सुविधा के लिए एक ऑनलाइन अपील फाइलिंग सिस्टम विकसित कर उसे लॉन्च कर दिया गया है। इस नई व्यवस्था से प्रणाली में पारदर्शिता आएगी। डीसी अपराजिता ने बताया कि अब तक ट्रिब्यूनल के समक्ष अपील दायर करने के लिए लोगों को व्यक्तिगत रूप से अथवा अपने कानूनी परामर्शदाता के माध्यम से ट्रिब्यूनल कार्यालय में जाना पड़ता था।

### 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि आगामी 21 जून को जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन विस्तार अनाज मंडी में किया जाएगा, जबकि 20 जून को पायलट रिर्हसल आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ गंभीरता से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। इसमें अधिक से अधिक नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। डीसी अपराजिता लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंस रूम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं।

### शिकायतों का प्राथमिकता से निपटान करें: डीसी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम हैं। सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए शिविरों में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें, ताकि नागरिकों को सरकारी सेवाओं का लाभ सरलता से मिल सके। डीसी शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दे रही थीं।

### राजौंद सीएचसी में स्वास्थ्य जांच शिविर

**राजौंद।** राजौंद स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रदेश सरकार के तत्वावधान में एक विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुलाना मेडिकल कॉलेज से आए चिकित्सकों की टीम ने विभिन्न बीमारियों से पीड़ित 150 मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयां प्रदान कीं। शिविर के दौरान दंतरोग,आंख,कान-नाक-गला (ईएनटी) सहित अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की गई। मरीजों को सभी प्रकार की जांच, एक्स-रे और दवाइयां निशुल्क उपलब्ध कराई गईं। एसएमओ डॉ. संदीप ने बताया कि यहां स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें मुलाना मेडिकल कॉलेज से चिकित्सकों की टीम विशेष रूप से भेजी गई है।

## टेंडर के अनुसार पारदर्शिता एवं गतिशीलता से कार्य पूरा करने के निर्देश

# दो करोड़ रुपये से बदलेगी भगवान परशुराम समुदाय भवन की सूरत

**सरकार का लक्ष्य नए व अधूरे निर्माण कार्यों को संजीदगी से पूरा करवाना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



**कलायत।** वार्ड कमेटी के साथ भगवान परशुराम सामुदायिक भवन का निरीक्षण करते पार्षद अमित वाल्मीकि।

कलायत वार्ड 12 स्थित भगवान परशुराम समुदाय भवन में दो करोड़ रुपए से अधिक बजट से जारी कार्यों का वार्ड कमेटी ने पार्षद अमित वाल्मीकि की अगुवाई में दौरा किया। इस दौरान पार्षद ने टेंडर के अनुसार पारदर्शिता एवं गतिशीलता से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उनके साथ इसमें वार्ड कमेटी सदस्य राजेंद्र कुमार, कामरेड सत्यवान ढ्रूषसह, विक्रम प्रजापति व मोनू प्रजापति प्रमुख रूप से मौजूद रहे। पार्षद ने कहा कि सरकार का लक्ष्य नए व अधूरे निर्माण कार्यों को संजीदगी से पूरा करवाना है। इसके लिए ठोस कार्ययोजना तय की गई है। निर्माण सामग्री में किसी प्रकार का गड़बड़झाला सहन नहीं किया जाएगा। हर स्तर पर पार्षदों, वार्ड वासियों व नगर पालिका अधिकारियों द्वारा लगातार कार्य का निरीक्षण जारी है। सामुदायिक भवन निर्माण कार्य को पूरा करने की मांग लंबे समय से उठती रही है। इस दिशा में जिस प्रकार सरकार ने बड़ा बजट जारी किया है उसके लिए सीएम नायब सिंह सैनी बधाई के पात्र हैं। इस योजना के रा होने से 36 बिरादरी को विभिन्न तरह के कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित करने का मौका मिलेगा। पार्षद ने सामुदायिक भवन के साथ-साथ विभिन्न समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर भी कमेटी के साथ चर्चा की। दौरे का उद्देश्य वार्ड में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करना और लोगों की समस्याओं को नजदीक से समझना रहा रहा। सभी सदस्यों ने वार्ड की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, गलियों की स्थिति व दूसरी जनसुविधाओं को लेकर अपने सुझाव रखे। दौरे के दौरान स्थानीय लोगों ने भी अपनी समस्याओं से अवगत कराया। वार्ड कमेटी ने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विकास और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। उपस्थित सदस्यों ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा तथा विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस अवसर पर सामाजिक एकता और क्षेत्र के विकास को लेकर भी चर्चा हुई। वार्ड कमेटी ने लोगों से सहयोग बनाए रखने और क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में भागीदारी निभाने की अपील की।

### भगवान परशुराम संगठन ने भी किया था पार्षद रवींद्र निर्मल बंटी के साथ दौरा

भगवान परशु राम सामुदायिक भवन के कार्य के मजबूतीकरण को लेकर कुछ दिन पहले वार्ड 13 पार्षद रवींद्र निर्मल बंटी ने भगवान परशुराम संगठन पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं व पार्षदों के साथ दौरा किया था। उन्होंने भी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की स्थिति के लिए खास निगरानी करने का प्रस्ताव पालिका अधिकारियों के समक्ष रखा था। साफ तौर से कहा गया था कि यदि अधिकारियों व एजेंसी ने निर्माण में भ्रष्टाचार का खेल खेलने का प्रयास किया तो सरकार को शिकायत भेजी जाएगी।

### निर्माण कार्य में कोताही करने वाली एजेंसी पर कार्रवाई की मांग

पार्षद अमित वाल्मीकि ने कहा कि गलियों के निर्माण में कोताही करने वाली एजेंसी के खिलाफ कड़ा संज्ञान लेने के लिए उन्होंने जिला नगर आयुक्त से मुलाकात की है। पुरानी गलियों को उखाड़ते हुए ब्लाक्स बचने वालों, रिपेयर व नव निर्माण के नाम पर लोगों से खिलवाड़ करने के मामले में सख्त कार्यवाही की मांग की गई है। इतना ही नहीं प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, शहरी स्थानीय निकाय निदेशक, जिला उपायुक्त, नगर आयुक्त व अन्य अधिकारियों से शहर की गलियों से उखाड़े गए पुराने ब्लाक्स का ब्यौरा एकत्रित करने की मांग की है।

# अच्छे कर्म मानव जीवन की सबसे बड़ी पूंजी

- श्रीराम मंदिर में श्रद्धालुओं को दिया सदाचार, संस्कार और मानवता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन



सीवन। श्रीराम मंदिर में प्रवचन करते पुजारी वीरेंद्र पांडे।

श्रीराम मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के दौरान मंदिर के पुजारी वीरेंद्र पांडे ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में सदैव अच्छे और उचित कार्य करने चाहिए, क्योंकि व्यक्ति के कर्म ही उसकी वास्तविक पहचान होते हैं। अच्छे कर्म करने वाला व्यक्ति समाज में सम्मान प्राप्त करता है तथा ईश्वर की कृपा का पात्र बनता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में लोगों को धर्म, संस्कार और मानवता के मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग नैतिक मूल्यों से दूर होते जा रहे हैं, ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को अपने व्यवहार में सच्चाई, सेवा, विनम्रता और सद्भावना को अपनाना चाहिए। जो व्यक्ति दूसरों की सहायता करता है और समाज के हित में कार्य करता है, उसे जीवन में आत्मिक शांति और सच्चा सुख प्राप्त होता है।

### व्यक्ति को जीवन से प्रेरणा लेकर अपने आचरण को श्रेष्ठ बनाने का प्रयास करना चाहिए

वीरेंद्र पांडे ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा, त्याग, कर्तव्य और आदर्शों का प्रतीक है। प्रत्येक व्यक्ति को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अपने आचरण और व्यवहार को श्रेष्ठ बनाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने सदैव सत्य और धर्म का मार्ग अपनाया तथा समाज को भाईचारे और प्रेम का संदेश दिया। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने का आह्वान करते हुए कहा कि परिवार ही बच्चों की पहली पाठशाला होता है। यदि बच्चों को बचपन से ही अच्छे संस्कार, नैतिक शिक्षा और धार्मिक मूल्यों की सीख दी जाए तो वे भविष्य में एक अच्छे नागरिक बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि बुरे कर्म मनुष्य को पतन की ओर ले जाते हैं, जबकि अच्छे कर्म व्यक्ति को समाज में प्रतिष्ठा दिलाने के साथ-साथ ईश्वर के निकट भी पहुंचाते हैं। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने धार्मिक प्रवचनों को ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर विनेश मेहता, वीना मेहता, प्रशांत आनंद सहित अन्य श्रद्धालु भी उपस्थित रहे।

# हरिनगर कॉलोनी पहुंचा आदित्य सुरजेवाला चलता-फिरता अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** शिविर से दवाइयां लेते कालोनीवासी।

आदित्य सुरजेवाला चलता फिरता अस्पताल" शुक्रवार को वार्ड 20, हरिनगर, कुतुबपुर रोड पर पहुंचा। इस निःशुल्क मेडिकल वैन के माध्यम से ग्रामवासियों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस निःशुल्क मेडिकल शिविर में डॉ. साहिल और डॉ. मेनका सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की जांच की। जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। कॉलोनिवासियों में राजेश शाक्य, माया देवी, हवा सिंह, पूजा रानी, जसमेरो, कमला, कांता, रमेश, मलकीत, राजबाला, कविता, बलबीर, अंजलि, योगेश, रमेश, बलबीर, कविता, कमलेश, पूजा, शंकुतला, श्याम लाल, अभिषेक, रोशन सहित सैकड़ों लोगों ने इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बाहर निजी क्लीनिकों या अस्पतालों में जांच व दवाइयों पर सैकड़ों रुपये खर्च होते हैं, लेकिन आदित्य सुरजेवाला के इस शिविर में पर्ची और दवाइयों का एक भी पैसा नहीं लिया गया।

### डॉ. अर्चना के प्रदेशाध्यक्ष बनने पर जताया आभार

**गुहला-चीका।** डॉ. अर्चना गुप्ता को संगठन का हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं मार्केट कमेटी चीका के उपाध्यक्ष मांगे राम जिंदल ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण नियुक्ति से प्रदेशभर के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है, वहीं अग्रवाल समाज में भी खुशी की लहर दौड़ गई है। प्रेस को जारी बयान में मांगे राम जिंदल ने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता एक कर्मठ, अनुभवी और जनसेवा के प्रति समर्पित नेत्री हैं। संगठन द्वारा उन्हें प्रदेश की जिम्मेदारी सौंपना दूरदर्शी और सराहनीय निर्णय है। उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा, नई दिशा और मजबूती मिलेगी।

# कौशल समेत सभी कच्चे कर्मचारियों को भी पक्का किया जाए : शिवचरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** बैठक में विचार-विमर्श करते कमर्चारी ।

एसकेएस जिला कार्यकारणी की मीटिंग संघ के ओफिस जवाहर पार्क कैथल मे जिला प्रधान ओमपाल भाल की अध्यक्षता मे हुई। संचालन जिला सचिव शिवचरण किया ।मिटिंग मे नगर पालिका, आल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन, मैकेनिकल, हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ, क्लास फोर युनियन, पटवार एवम कानूनगो एसोसिएशन, पैक्स, अग्निशमन, हेमसा,रोड़वेज वर्कर यूनियन, टूरिज्म, वन मजदूर, वन कर्मचारी यूनियन, हैल्थ व हुड्डा विभाग यूनियन से पद आधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित हुए। राज्य उपप्रधान कपिल सिरोही, हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ से राज्य महासचिव रामपाल शर्मो, अग्निशमन कर्मचारियों के राज्य प्रधान राजेन्द्र सिणंद, क्लास फोर युनियन से छज्जू राम व नरेश कुमार पूर्व महासचिव एसकेएस ने कहा की केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार किसान- मजदूर कर्मचारी व आम मेहनतकश वर्ग पर कार्पोरेट परस्त नीतियों को थोप रही है।

# बेंगलुरु में चमके अरुण शर्मा लांग जंप में स्वर्ण पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन



अरुण शर्मा

नगर के युवा खिलाड़ी अरुण शर्मा ने बेंगलुरु में आयोजित एशियाई ट्रायल लॉन्ग जंप प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से नगर में खुशी और गर्व का माहौल बना हुआ है। खेल प्रेमियों, सामाजिक संगठनों और बुद्धिजीवी नागरिकों ने अरुण शर्मा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। अरुण शर्मा के चचेरे भाई साहिल ने जानकारी देते हुए बताया कि अरुण ने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए वर्षों तक कठिन मेहनत और नियमित अभ्यास किया है। उनकी लगन, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का ही परिणाम है कि उ न्हों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम ऊंचा किया है। उन्होंने बताया कि 26 से 28 मई तक बेंगलुरु में आयोजित इस एशियाई ट्रायल प्रतियोगिता में 17 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में अरुण शर्मा ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए लॉन्ग जंप स्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने श्रीलंका के खिलाड़ी को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

# नवीन जिन्दल फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट्स ने 79 लोगों को दीं स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद




**राजौंद।** लोगों की स्वास्थ्य जांच के दौरान मौजूद चिकित्सक व ग्रामीण।

नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट्स ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का सराहनीय कार्य कर रही हैं। 'स्वस्थ कैथल अभियान' के अंतर्गत शुक्रवार को मोबाइल मेडिकल यूनिट राजौंद के वार्ड नंबर 1 और 2 में पहुंची, जहां लोगों को उनके घर के समीप ही निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।शिविर के दौरान डॉ. बलविंद्र सिंह और उनकी टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। इस दौरान रक्तचाप, मधुमेह सहित विभिन्न सामान्य बीमारियों की जांच की गई। कुल 79 लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं, जिनमें से 65 जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं, जबकि 14 लोगों के रक्त परीक्षण किए गए।सांसद नवीन जिन्दल के कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने बताया कि सांसद की पहल पर जिले के गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं लोगों के द्वार तक पहुंचाई जा रही हैं।

### ब्रह्माकुमारीज का "संगमः गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन" कार्यक्रम हुआ

**राजौंद।** ब्रह्माकुमारीज राजौंद के तत्वाधान में श्री दादा खेड़ा राजौंद के प्रांगण में "संगमः गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत उपस्थित नागरिकों को ईश्वरीय संदेश दिया गया तथा सभी से अपने बड़े-बुजुर्गों के सम्मान का संकल्प भी दिलवाया गया। इस दौरान ब्रह्माकुमारी आशा बहन ने संगम प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल का उद्देश्य समाज में बढ़ते पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव को संतुलित करना और परिवारों में बुजुर्गों को उनका उचित सम्मान दिलाना है। उन्होंने कहा कि आज के समय में संयुक्त परिवार व्यवस्था धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है, जिसके कारण बुजुर्गों को भावनात्मक सहारा नहीं मिल पाता। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को भौतिक सुख-सुविधाओं से अधिक अपने बच्चों, बहुओं और नाती-पोतों के स्नेह और आत्मीयता की आवश्यकता होती है।



**राजौंद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए महिलाएं व अन्य।

## सत्कार पैलेस में प्रस्तावित महाकुंभ में उमड़ेगा जनसैलाब

# पंजाबी महाकुंभ समाज की एकता की नई मिसाल बनेगा

**घर-घर जाकर लोगों को कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का निमंत्रण दे रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



अमरजीत छाबड़ा

अंबाला रोड स्थित सत्कार पैलेस में 30 मई को आयोजित होने वाले सूर्यवंशी सम्राट अरूट जी महाराज के पावन जन्मोत्सव एवं विशाल पंजाबी महाकुंभ को लेकर समाज में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम की भव्य सफलता के लिए हरियाणा राइस मिलर्स एंड डिलर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा लगातार समाज के लोगो के साथ मिलकर पूरे पंजाबी समाज को एकता के सूत्र में पिरोकर दिन-रात मेहनत कर रह घर-घर जाकर लोगों को कार्यक्रम में बढ़-चढक़र भाग लेने का निमंत्रण दे रहे हैं। प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने कहा कि 30 मई को आयोजित होने वाला पंजाबी महाकुंभ समाज के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। इस आयोजन का उद्देश्य पंजाबी समाज को एक मंच पर लाकर उन्हें संगठित करना तथा समाज को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि पंजाबी समाज मेहनतकश और कर्मठ कौम है, जिसने अपनी मेहनत, संघर्ष और समर्पण के बलबूते देश और समाज में अलग पहचान बनाई है। आज पंजाबी समाज हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देश के विकास और उत्थान में अपना अहम योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाबी महाकुंभ केवल एक सामाजिक कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज की संस्कृति, परंपराओं और गौरवशाली इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक बड़ा माध्यम बनेगा। कार्यक्रम में कुलदेवी मां हिंगलाज के आशीर्वाद के साथ मातृशक्ति की विशेष भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। युवा पीढ़ी को समाज के गौरवमयी इतिहास, संस्कारों और सामाजिक जिम्मेदारियों से अवगत करवाने का भी प्रयास किया जाएगा।

### ये निभा रहे अहम भूमिका

पंजाबी महाकुंभ को सफल बनाने के लिए नवीन मिगलानी, सतीश सोनी, सुभाष सतीजा, नरेंद्र मिगलानी, मोनी चुघ, कविश सचदेवा, धन सचदेवा, अनिल आहुजा, डॉ. अनुराग सिक्का, राजेंद्र ठकराल, ज्ञान प्रकाश कुमार, राकेश चुघ सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी लगातार जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को कार्यक्रम का निमंत्रण दे रहे हैं। कार्यक्रम को लेकर समाज में जबरदस्त उत्साह का माहौल बना हुआ है और आयोजकों को उम्मीद है कि यह महाकुंभ सामाजिक एकता, भाईचारे और जागरूकता का नया अध्याय लिखेगा।

# अतिथि शिक्षकों के नियमितीकरण का रास्ता साफः प्रो. रणधीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

जननायक जनता पार्टी (जजपा) के प्रदेश प्रधान महासचिव रणधीर सिंह ने अतिथि शिक्षकों के नियमितीकरण को लेकर आए हाई कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को बिना किसी देरी के इस निर्णय को लागू करना चाहिए, ताकि लंबे समय से सेवा दे रहे हजारों अतिथि शिक्षकों को राहत मिल सके। प्रो. रणधीर सिंह ने कहा कि इससे पहले सुप्रीम कोर्ट भी जजपा-भाजपा गठबंधन सरकार की नियमितीकरण नीति को सही ठहरा चुका है। उन्होंने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने गेस्ट टीचर्स के मुद्दे को सबसे मजबूती से उठाया था। गठबंधन सरकार के दौरान उन्होंने कैबिनेट में "हरियाणा गेस्ट टीचर्स सर्विस एक्ट-2024" पारित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम के तहत अतिथि शिक्षकों को 58 की आयु तक सेवा सुरक्षा प्रदान की गई थी।

**सूचना**

हम, गोवर्धन पुत्र प्रेम चन्द व गीता रानी पत्नी गोवर्धन निवासी-194, वर्मा फर्नीचर, करनाल रोड, फतेहपुर हाल निवासी पूण्डरी, जिला कैथल बयान करते हैं कि हमारा पुत्र हैप्पी व पुत्रवधु कोमल हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


जींद। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम सत्यवान मान। फोटो: हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### कौल गांव में 31 मई को होगा स्वागत समारोह

**ढांड।** गांव कौल में अखिल भारतीय रोड महासभा के अध्यक्ष चौधरी बलकार सिंह पुंडरी एवं उनकी कार्यकारिणी के स्वागत में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी रोड महासभा के अध्यक्ष बलकार सिंह पुंडरी ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम 31 मई 2026, रविवार को शाम 5 बजे महिला मंडल, गांव कौल में आयोजित होगा। समारोह में सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं ग्रामीण भाग लेंगे।

### डॉ. अर्चना को प्रदेशाध्यक्ष बनाने पर अग्रवाल समाज ने जताया आभार

**नरवाना।** भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन व प्रधानमंत्री मोदी ने अग्रवाल वैश्य समाज की प्रतिनिधि अर्चना गुप्ता को प्रांत अध्यक्ष बनाकर अग्रवाल वैश्य समाज को बहुत बडा सम्मान व तोहफा दिया है। अग्रोहा ट्रस्ट के प्रवक्ता ने कहा कि हमारे पूर्वज महाराजा अग्रसेन ने एक महत्वपूर्ण सीख दी है किसी का दिया हुआ सम्मान 100 गुणा करके वापस लौटाने का, यही महाराजा

### एमएससी केमिस्ट्री में दाखिले के लिए पोर्टल खोला

**नरवाना।** राजकीय महाविद्यालय नरवाना में सहायक प्रोफेसर जयपाल आर्य ने बताया की सत्र 2026-27 में एमएससी केमिस्ट्री प्रथम वर्ष में दाखिले के लिए पोर्टल खुला हुआ है। विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपना पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। बीएससी मेडिकल नॉन मेडिकल के छात्र-छात्राएं इसके लिए पात्र हैं। महाविद्यालय में सभी आवश्यक शैक्षणिक एवं प्रायोगिक शैक्षणिक के प्रयोगों के लिए प्रयोगशालाओं में व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से संचालित हैं।

### जनगणना में मातृभाषा हरियाणवीं लिखवानी चाहिए : डा. विद्यार्थी

**जींद।** जनगणना में हरियाणा वासियों को अपनी मातृभाषा के रूप में हरियाणवीं लिखवानी चाहिए। इससे हरियाणवीं संस्कृति का विकास होगा तथा हरियाणा की अपनी पहचान मजबूत होगी। डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने धर्म संस्थानम की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा और हरियाणवी हिंदी की बेटी है। प्रत्येक प्रदेश की अपनी प्रादेशिक क्षेत्रीय भाषा होती है, जिनमें से अनेक बोलियों को भाषा का दर्जा प्राप्त है।

### जिला अस्पताल में सेवानिवृति पर हुआ कार्यक्रम

**जींद।** नागरिक अस्पताल में सीएमओ डा. सुमन कोहली की अध्यक्षता में चीफ टैक्निकल ऑफिसर गुरदास माथुर की शुक्रवार को सेवानिवृत्ति पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरदास माथुर को उनके सहयोगी और अधिकारियों ने भावुक विदाई दी। कार्यक्रम में प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया, डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. राजेश भोला आदि रहे।

### सीडब्ल्यूसी चेयरमैन भीमसैन को मातृ शोक

**कैथल।** सीडब्ल्यूसी कैथल के चेयरमैन भीमसेन अग्रवाल की माता कमलावती का वीरवार देर रात आकस्मिक निधन हो गया। वे करीब 85 वर्ष की थी। उनके निधन पर नगर के सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारियों ने गहरा दुख प्रकट किया है।

## राजकीय कॉलेज में बीबीए व बीसीए में निर्धारित सीटों से डेढ़ गुणा आवेदन

# यूजी कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन को लेकर छात्रों के पास केवल दो दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन को लेकर विद्यार्थियों के पास अब केवल दो ही दिन बचे हैं। विद्यार्थी 31 मई तक दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वहीं विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच छह जून तक हो सकेगी। आवेदन करने का समय कम होने के साथ ही विद्यार्थी अब लगातार अपने पसंदीदा संकायों में आवेदन कर रहे हैं। शहर के राजकीय पीजी कालेज में एक ओर जहां बीबीए व बीसीए में निर्धारित सीटों से डेढ़ गुणा आवेदन आए हैं। वहीं दूसरी ओर बीए आट्र्स, बीए ज्योग्राफी और बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन मैथ में निर्धारित सीटों से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। वहीं राजकीय पीजी कालेज में अलग-अलग 13 संकायों में कुल आवेदनों की संख्या 1200 से ज्यादा पहुंच चुकी है और साथ ही 500 से ज्यादा आवेदनों के दस्तावेजों की जांच हो चुकी है। राजकीय पीजी कालेज में बीए आट्र्स में निर्धारित 600 सीटों पर 601 आवेदन आए हैं। जबकि बीए इक्नोमिक्स में 40 सीटों पर 14, बीए इंग्लिश में 40 सीटों पर 32, बीए ज्योग्राफी में 40 सीट पर 45, बीए हिस्ट्री में 40 सीट पर 23, बीबीए में 40 सीटों पर 70, बीकाम में 220 सीटों पर 149, बीसीए में 120 सीटों पर 191, बैचलर आफ साइंस इन लाइफ साइंस में 170 सीटों पर 127, बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिकल साइंस में 300 सीटों पर 84, बैचलर ऑफ साइंस इन कैमिस्ट्री में 40 सीटों पर 39, बैचलर ऑफ साइंस विद मैजर इन मैथ में 40 सीटों पर 52 और बैचलर ऑफ साइंस विद मैजर इन फिजिक्स में 40 सीटों पर 35 आवेदन आ चुके हैं। वहीं पहली मेरिट लिस्ट 11 जून को जारी होगी। पहली मेरिट लिस्ट में स्थान पाने वाले विद्यार्थी 12 से 15 जून तक फीस जमा करवा सकते हैं। इसके बाद दूसरी मेरिट लिस्ट 17 जून को जारी होगी।

**बीए आट्र्स, बीए ज्योग्राफी और बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन मैथ में निर्धारित सीटों से ज्यादा आवेदन**


जींद। राजकीय महाविद्यालय में आवेदन करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### 24 जून को होगी फिजिकल काउंसलिंग

*दूसरी मेरिट लिस्ट में स्थान पाने वाले विद्यार्थी 18 जून से लेकर 22 जून तक फीस जमा करवा पाएंगे। इसके बाद खाली सीटों पर फिजिकल काउंसलिंग 24 जून से शुरू होगी। 25 जून को पोर्टल दोबारा से खोला जाएगाए जिसमें विद्यार्थी नए आवेदन और पहले वाले आवेदनों में संशोधन कर सकते हैं। खाली बची सीटों पर 26 जून से लेकर दो जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिले हो सकेंगे। अगर इसके बाद भी सीट खाली रह जाती हैं तो तीन जुलाई से 10 जुलाई तक पहले वाले 100 रुपये और हर रोज 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिले हो सकेंगे।*

### मदद के लिए हेल्प डेस्क की सुविधा

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि आवेदन करते समय सभी जानकारी ध्यान से भरें। विद्यार्थियों की मदद के लिए कालेज में हेल्प डेस्क भी लगाया गया है। कालेजों में यूजी कोर्स में दाखिले के लिए 31 मई तक आवेदन होंगे। विद्यार्थियों के पास आवेदन को लेकर केवल दो दिन का ही समय बचा है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने पसंदीदा कोर्स में दाखिले के लिए समय रहते आवेदन करें।

# लंबित शिकायतों का शीघ्र निपटान करें विभागीय अधिकारी: मान

- जिला स्तरीय समाधान प्रकोष्ठ की शिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

लघु सचिवालय के सभागार में शुक्रवार को एसडीएम सत्यवान मान की अध्यक्षता में जिलास्तरीय समाधान प्रकोष्ठ से संबंधित शिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से प्राप्त शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए लंबित मामलों की स्थिति पर विचार विमर्श किया गया। एसडीएम ने कहा कि सीएम विंडो एवं समाधान प्रकोष्ठ सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्राथमिकता वाली व्यवस्थाएं हैं। इन माध्यमों से आमजन अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर आते हैं। इसलिए प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी का दायित्व है कि शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं जिम्मेदारी पूर्ण निपटान सुनिश्चित करें। एसडीएम ने अधिकारियों से लंबे समय से लंबित शिकायतों के संबंध में जानकारी लेते हुए देरी के कारण पूछे तथा निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि की गई कार्रवाई की एटीआर समय पर पोर्टल पर अपलोड करना भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि रीओपन हुई शिकायतों को भी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ लेते हुए उनका त्वरित एवं संतोषजनक समाधान किया जाएए ताकि शिकायतकर्ताओं को बार-बार कार्यालयों अथवा समाधान शिविरों के चक्कर न लगाने पड़े। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का रिकॉर्ड सही तरीके से रखा जाए और उनकी नियमित रूप से समीक्षा की जाए। साथ ही शिकायतों से संबंधित दस्तावेजों को व्यवस्थित ढंग से संभाल कर रखा जाए।

### ये रहे मौजूद

एसडीएम ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पूरी संवेदनशीलता, ईमानदारी एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि जनता की सेवा का अवसर सौभाग्य से प्राप्त होता है और इस जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ किया जाना चाहिए। इस मौके पर सीटीएम मोनिका सहित सभी विभागो के अधिकारी मौजूद रहे।

# डॉ. गुप्ता का जींद में भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

हरियाणा भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता का भाजपा कार्यकर्ता जींद निवासी आशुतोष शर्मा द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। आशुतोष शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार एवं भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक महिला को प्रदेश अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय एवं ऐतिहासिक कदम है। इससे प्रदेश की मातृशक्ति को और अधिक सम्मान एवं प्रेरणा मिलेगी।


जींद। हरियाणा भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता का स्वागत करते हुए आशुतोष गुप्ता। फोटो: हरिभूमि

### भाजपा समाज सेवा के साथ करती है कार्य

इस दौरान आशुतोष शर्मा ने कहा कि भाजपा संगठन सदैव राष्ट्र निर्माणए,महिला सम्मान और समाज सेवा के मूल्यों के साथ कार्य करता रहा है तथा आने वाले समय में पार्टी और अधिक मजबूती के साथ जनता की सेवा करेगी। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर अर्चना गुप्ता को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

# जैजैवंती में जलघर से गांव में कनेक्शन नहीं

- जनस्वास्थ्य विभाग ने भेज दिया बिल, ग्रामीणों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭जुलाना

जुलाना क्षेत्र के जैजैवंती गांव में जलघर तो बन गया लेकिन अभी तक गांव में पेयजल सप्लाई के लिए लाइन भी नही बिछाई गई है लेकिन जनस्वास्थ्य विभाग ने पानी के बिल ग्रामीणों के मोबाईल पर भेज दिए है। ग्रामीण कुलदीप, जोगेंद्र, राकेश, राजेश आदि ने बताया कि गांव में इससे पहले कोई भी पेयजल का बिल नही आया है। गांव में पेयजल के लिए जलघर का निर्माण तो हो चुका है लेकिन पेयजल सप्लाई के लिए पाइप लाइन ही नही बिछाई गई है। कनैक्शन करना तो दूर की बात है। उनके घरों में कोई भी कनैक्शन नही है। पहले बार मोबाईल पर बिल का एसएमएस देखकर ग्रामीण हैरान हैं। ग्रामीणों की मांग है कि बिल को वापस लिया जाए।


जींद। जैजैवंती गांव में आए बिल दिखाते ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

### 30 रुपये बिल

*जनस्वाथ्य विभाग के कर्मचारियों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में पानी का बिल 30 रुपये महीना आता है और अर्बन में 60 रुपये प्रति महिना आता है। अब जैजैवंती गांव में जो बिल आए हैं वो सिस्टम से जनरेट हुए हैं।* जनस्वास्थ्य विभाग जुलाना के जेई सन्नी ने बताया कि अगर पानी के बिल आ गए तो वो सर्वे करने के बाद आ गए होंगे।

### इनेलो नेता अभय चौटाला ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को हड़का कर लगवाया था पेयजल सप्लाई के लिए ट्यूबवेल

मार्च 2023 में इनेलो नेता जब परिवर्तन यात्रा के दौरान जुलाना हलके के दौरे करते हुए जैजैवंती गांव में पहुंचे थे तो ग्रामीणों ने उन्हें पेयजल किल्लत के बारे में अवगत करवाया था तो अभय चौटाला ने जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन संजीव कुमार को हड़काते हुए फोन पर 10 दिन में ट्यूबवैल लगवाने की बात कही थी। एक सप्ताह के अंदर टयुबवैल लगा भी दिया गया था।

# 11 को कंप्यूटर लैब अटेंडेंट शिक्षा मंत्री निवास का करेंगे घेराव

- तकनीकी कारणों से नहीं मिला ओटीपी, आवदेन से हुए वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

कम्प्यूटर लैब अटेंडेंट 14 वर्षों से अधिक लंबे समय से हरियाणा के सरकारी स्कूलों में कार्य कर रहे हैं, जिनका वर्तमान में वेतन 12 रुपये है, जो सिर्फ साढ़े 10 महीने का मिलता है। जिला जींद से जिला प्रधान सोनू दुग्गल ने कहा वर्तमान सरकार के द्वारा 2024 में हरियाणा सर्विस सिक्योरिटी एक्ट बनाया गया है। जिसमें कच्चे कर्मचारियों को 58 साल सेवा सुरक्षा निर्णय देने का प्रावधान रखा गया था और कंप्यूटर लैब अटेंडेंट 14 वर्षों से अधिक से अनुबंध आधार पर हरियाणा के सरकारी स्कूलों में सेवाएं दे रहे और सबसे पहले हरियाणा सर्विस सिक्योरिटी एक्ट में कवर है। सरकार के द्वारा सेवा सुरक्षा देने के लिए सर्विस सिक्योरिटी पोर्टल बनाया गया है। जिसमें पात्र कर्मचारियों को पोर्टल पर आवेदन करना था लेकिन कई तरह के तकनीकी समस्याएं पैदा कर अधिकारियों द्वारा कंप्यूटर लैब अटेंडेंट का ओटीपी जारी नहीं किया गया। जिस कारण से पोर्टल पर कम्प्यूटर लैब अटेंडेंट आवेदन न कर सके। इस रोष में कंप्यूटर लैब अटेंडेंट ने निर्णय लिया है कि प्रदेश भर के कंप्यूटर लैब अटेंडेंट 11 जून को हरियाणा के शिक्षा मंत्री निवास पर जोरदार प्रदर्शन करेंगे।

# ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें सभी नवनियुक्त पटवारी : डीसी अपराजिता

- उपायुक्त ने ली नवनियुक्त पटवारियों की बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

डीसी अपराजिता ने कहा कि सभी नवनियुक्त पटवारी सहित राजस्व विभाग में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। अपने कार्यों को गंभीरता से लेते हुए उसे समयबद्ध तरीके से पूरा करें। सुनिश्चित करें कि आमजन को किसी एक कार्य के लिए बार बार चक्कर न काटने पड़ें। डीसी लघु सचिवालय के सभागार में नवनियुक्त पटवारियों की बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने बताया कि विभाग में कुल 77 नए पटवारी शामिल हुए हैं। सभी नवनियुक्त पटवारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली को ओर अधिक मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि विभिन्न लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करे।


कैथल। डीसी अपराजिता नवनियुक्त पटवारियों की बैठक लेते हुए।

### अस्थायी तौर पर तहसील अलॉट

डीसी ने कहा कि आप सभी नवनियुक्त पटवारी अपनी ट्रेनिंग के दौरान भी इन कार्यों का अनुभव प्राप्त कर चुके हैं। फिलहाल आपको अस्थायी तौर पर तहसील अलॉट की गई हैं। इसलिए तेजी, दक्षता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करें। इस अवसर पर कैथल एसडीएम संजय कुमार आदि रहे।

# एबीवीपी ने जांच को लेकर कुलपति को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

- शोधार्थी छात्रा के क्लर्क पर लगाए गए गंभीर आरोपों की जांच की मांग

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की विश्वविद्यालय इकाई द्वारा चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति को शोधार्थी छात्रा द्वारा क्लर्क पर लगाए गए गंभीर आरोपों की जांच को लेकर ज्ञापन सौंपा। एबीवीपी ने चेताया कि अगर क्लर्क के खिलाफ सात दिन में सख्त कार्रवाई नही की गई तो प्रदेशभर के विश्वविद्यालयों में वीसी के पुतले फूंके जाएंगे। जब तक जांच पूरी नही होती तब तक क्लर्क को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए। रोहन सैनी ने कहा कि विश्वविद्यालय की एक शोधार्थी छात्रा द्वारा विवि के एक क्लर्क पर अश्लील हरकत, मानसिक उत्पीडऩ, ब्लैकमेलिंग एवं धन ऐंठने जैसे आरोप लगाए हैं। बाकायदा छात्रा द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई गई है। परिषद का कहना है कि यह विश्वविद्यालय परिसर में छात्राओं की सुरक्षा, सम्मान और विश्वास का विषय है। विश्वविद्यालय परिसर में अध्ययनरत छात्राएं एवं शोधार्थी ही स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं करेंगी तो यह पूरे शिक्षा तंत्र पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है।

# सैलजा ने केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखकर नरवाना रेलवे स्टेशन के पास पड़ी जमीन के सदुपयोग की मांग

**नरवाना।** सिरसा सांसद कुमारी शेलजा ने पत्र में लिखा कि उन्हें नरवाना शहर के गणमान्य नागरिकों द्वारा एक महत्वपूर्ण जनहित विषय से अवगत करवाया है कि नरवाना रेलवे स्टेशन के पास स्थित पुराने माल गोदाम के निकट करीब दो एकड़ रेलवे जमीन वर्षों से खाली पड़ी है। सांसद ने लिखा कि खेद का विषय है कि रेलवे प्रशासन द्वारा स्टेशन निर्माण से संबंधित मलबा इस जमीन पर डाल दिया है। जिसके बाद अब शहर का कचरा भी वहां डाल दिया गया है। जिससे स्टेशन के सुंदरता भी खराब हो रही है व आमजन और रेलवे यात्रियों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सांसद ने अपने पत्र में लोगों द्वारा दिए गए मांगपत्र व सुझाव का जिक्र करते हुए लिखा है कि इस जगह को आमजन के लिए पार्क बनाने,सामुदायिक भवन बनने,हस्पताल या खेल मैदान बनाने के लिए प्रयोग किया जाना उचित रहेगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**शिविर** आरोही आदर्श स्कूल में समर कैंप के पांचवें दिन छाए विद्यार्थी

# सांस्कृतिक सराहना एवं स्थानीय नायक विषय पर छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से जीता दिल

- एकता में शक्ति व देशभक्ति और संस्कृति पर किए विचार प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

आरोही आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ग्योंग में भारतीय भाषा समर कैंप-2026 के पाँचवें दिवस पर "सांस्कृतिक सराहना एवं स्थानीय नायक" विषय को केंद्र में रखकर विद्यार्थियों के लिए अनेक ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय के नोडल हिंदी प्राध्यापक डॉ. विजय चावला ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, स्थानीय वीरों, स्वतंत्रता सेनानियों तथा भारतीय सशस्त्र बलों के योगदान से परिचित कराना था। विद्यार्थियों ने "एकता में शक्ति", "हमारे स्थानीय नायक" तथा "देशभक्ति और संस्कृति" विषयों पर अपने विचार भी प्रस्तुत किए। ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित एनसीईआरटी के विशेष मॉड्यूल एवं डॉ. चावला द्वारा सॉफ्टवेयर में तैयार की गई प्रश्नोत्तरी विद्यार्थियों के आकर्षण का केंद्र रही। अंत में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने "स्थानीय नायकों एवं संस्कृति सम्मान" की शपथ लेते हुए ईमानदारी, मेहनत और सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय एसएमसी प्रधान जगपाल, विनोद कुमार आदि रहे।


कैथल। प्रतियोगिता में अव्वल रहे विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### राष्ट्र एकता का दिया संदेश

डॉ. चावला ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से देशभक्ति, सामाजिक चेतना तथा राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों ने ऑपरेशन सिंदूर, ऑपरेशन विजय तथा भारतीय सेना के साहसिक अभियानों से संबंधित प्रेरक प्रसंगों को बड़े उत्साह से सुना एवं समझा। इसके पश्चात जिला कैथल एवं हरियाणा के स्थानीय नायकों एवं स्वतंत्रता सेनानियों—बख्तावर सिंह, चौधरी छोटूराम, शहीद नरेंद्र सिंह, दयानंद मायना तथा भाई उदय सिंह के जीवन, पर आधारित प्रस्तुति दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि इन महान विभूतियों ने समाज, राष्ट्र एवं संस्कृति की रक्षा तथा उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### डॉ. गुप्ता महिलाओं के लिए प्रेरणा : निधि

**पूंडरी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष पद पर डॉ. अर्चना गुप्ता की नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं महिलाओं में भारी उत्साह का माहौल है। पार्टी नेतृत्व द्वारा एक सशक्त, कर्मठ एवं अनुभवी महिला चेहरे को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। डॉ. अर्चना गुप्ता हरियाणा भाजपा की दूसरी महिला प्रदेश अध्यक्ष बनी हैं, जिससे महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई मजबूती मिलेगी। भाजपा महिला मोर्चा जिला सचिव निधि मोहन ने डॉ. अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।